**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4582**

**जिसका उत्तर 27 मार्च, 2025 को दिया जाना है।**

**.....**

**ओडिशा में हिडिसिंग और बडाजोडा सिंचाई परियोजनाएं**

**4582. श्री रुद्र नारायण पाणी:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने ओडिशा के क्रमश: अंगुल और ढेंकानाल जिलों की हिडिसिंग और बडाजोडा सिंचाई परियोजनाओं को सभी प्रकार की अनुमति प्रदान कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन दोनों परियोजनाओं के लिए अब तक केन्द्रीय अनुदान की कितनी राशि निर्गत की गई है और शेष राशि कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी**

**(क) और (ख):** जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग संबद्ध सलाहकार समिति द्वारा वृहद और मध्यम सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और बहु-उद्देशीय परियोजना प्रस्तावों की तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता पर विचार करने हेतु दिनांक 03.09.2024 को आयोजित इसकी 156वीं बैठक में वर्ष 2023 के मूल्य स्तर पर ओडिशा के हिडिसिंग मध्यम सिंचाई परियोजना को 332.26 करोड़ रूपये के अनुमानित राशि से मंजूरी प्रदान कर दी गई।

बडाजोडा सिंचाई परियोजना को मूल रूप से अक्टूबर, 1989 में नीति आयोग द्वारा 14.57 करोड़ रूपये की अनुमानित राशि से अनुमोदित किया गया था। उसके बाद, सपुआ- बडाजोडा परियोजना की संशोधित लागत 33.21 करोड़ रूपये की राशि से दिनांक 24.06.1994 को आयोजित इसकी 58वीं बैठक में सिंचाई, बाढ़ और बहु-उद्देशीय परियोजना संबद्ध सलाहकार समिति द्वारा स्वीकार किया गया था।

**(ग):** जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के किसी भी योजना के अंतर्गत हिडिसिंग मध्यम सिंचाई परियोजना और बडाजोडा सिंचाई परियोजना को शामिल नहीं किया गया है, इसलिए इन परियोजनाओं के लिए केंद्रीय अनुदान का प्रश्न नहीं उठता है।

*****